प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रात:कालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार...

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंग**
- **प्रदेश में अब जिला स्तर पर भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किये जाएंगे।**
- **ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायतें अपनी विकास योजनाएँ तैयार करेंगी**
- **प्रदेश के सात जिलो में शीतलहर का प्रभाव, मंदसौर में सबसे कल 2 दशमलव 9 डिग्री तापमान दर्ज**

-----------------------------------

**प्रधानमंत्री-मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों से किया जाएगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण होगा।

-----------------------------------

**मुख्यमंत्री- इंडस्ट्री कॉन्क्लेव**

प्रदेश में अब जिला स्तर पर भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव करने के निर्णय की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने कल सतना में विंध्य व्यापार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि कटनी में माइनिंग सेक्टर पर केंद्रित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुई, अब सतना में एमएसएमई सेक्टर पर आधारित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कोई रोजगार आधारित उद्योग लगाए तो उन्हें श्रमिकों

के वेतन में 5 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है।

-----------------------------------

**शिवराज - जी राम जी**

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायतें मिलकर अपनी विकास योजनाएँ तैयार करेंगी। उन्होंने कल भोपाल में संवाददाताओं को बताया कि नए अधिनियम में निर्धारित समय के भीतर काम उपलब्ध न होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को पर्याप्त काम सुनिश्चित करने के लिए एक लाख 51 हजार करोड़ रुपये से ज़्यादा का बजट आवंटित किया गया है। रोजगार मिलने की गारंटी वाले दिनों की संख्या एक सौ से बढ़ाकर 125 कर दी गई है।
कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 में महात्मा गांधी का नाम केवल चुनावी लाभ के लिए शामिल किया था।

-----------------------------------

**भावांतर योजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रतलाम जिले के जावरा में आयोजित राज्य स्तरीय सोयाबीन भावांतर योजना कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से 3 लाख 77 हजार किसानों के खातों में 810 करोड़ रूपये अंतरित करेंगे। भावांतर योजना में अब तक 6 लाख 44 हजार किसानों को 1292 करोड़ रुपये अंतरित किये जा चुके हैं। कार्यक्रम में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी होगा।

-----------------------------------

**इयर एंडर- अवसंरचना क्षेत्र**

वर्ष 2025 भारत के विकास पथ में एक निर्णायक अध्याय रहा है। इस वर्ष नीतियों ने प्रगति को तेज किया और इरादों ने साकार रूप लिया। विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में आज हमारे संवाददाता - भारत में 2025 में अवसंरचना क्षेत्र में हुई प्रगति पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

-----------------------------------

**समझौता ज्ञापन**

मध्यप्रदेश पुलिस और मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MANIT) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। (MANIT), में कल 'ग्लोबल एलुमनाई मीट-2025' के अंतर्गत हुए समझौता ज्ञापन के तहत संस्थान परिसर में 'सार्वजनिक सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना की जाएगी, इस

अवसर पर संस्थान के 1986 बैच के पूर्व छात्र एवं वर्तमान पुलिस महानिदेशक, कैलाश मकवाणा ने कहा कि यह उत्कृष्टता केंद्र एक थिंक टैंक एवं प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

---

**विश्वकर्मा योजना**

कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत ऋण प्रकरणों की स्वीकृति में मध्यप्रदेश का देश में चौथा और ऋण वितरण में तीसरा स्थान है। पिछले 2 वर्षों के दौरान 436 करोड़ रुपये के 48 हजार 63 ऋण प्रकरण स्वीकृत किये गये हैं। इसी तरह 378 करोड़ रुपये के 42 हजार 559 ऋण प्रकरण वितरित किये गये हैं। राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने भोपाल में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि हस्तशिल्प और हैण्डलूम से जुड़े विभाग के ब्रॉण्ड- मृगनयनी, विंध्या वैली, कबीरा और प्राकृत के उत्पाद मध्यप्रदेश पर्यटन की इकाइयों और प्रदेश के प्रमुख धार्मिक केन्द्रों में विक्रय के लिए आकर्षक रूप से प्रदर्शित कराये जायेंगे।

---

**महिला क्रिकेट**

भारत और श्रीलंका के बीच चौथा महिला टी-20 क्रिकेट मुकाबला कल शाम सात बजे से तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। भारत ने तीसरे टी-20 मैच में श्रीलंका को आठ विकेट से हराया था। पांच मैचों की श्रृंखला में भारत तीन-शून्य से आगे है।

---

**मौसम**

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी ने जनजीवन प्रभावित किया है। प्रदेश के सात जिलो में शीतलहर का असर रहा हैं। जिनमें भोपाल, इंदौर, राजग, सीहोर, शाजापुर, शहडोल और मंदसौर हैं। इन शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है।

मंदसौर में सबस कम 2 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियर तापमान रहा। गुना जिले में कल न्यूनतम तापमान गिरकर 7.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो इस सीजन के सबसे कम तापमानों में से एक है। वहीं डिंडोरी जिले में पिछले एक पखवाड़े से कड़ाके की ठंड का आलम है न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है।

-----------------------------------

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- खंडवा की पुरानी कृषि उपज मंडी में आज "जैविक हाट बाजार" का शुभारंभ किया जा रहा है।
2- "प्रशासन गांव की ओर" अभियान के तहत डिंडोरी के करंजिया में लोक कल्याण शिविर के अंर्तगत 1 हजार 643 नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया।
3- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने कल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पारा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा एवं पीएम श्री कन्या विद्यालय पारा की छात्राओं से संवाद किया।
4- रायसेन के शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कल महाविद्यालय की बाउण्ड्रीवॉल एवं गेट निर्माण एवं स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय की बाउण्ड्रीवॉल का भूमिपूजन किया।
5- पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर में अखिल भारतीय रेलवे जेबोरेट की तैयारियों के लिए भारत स्काउट और गाइड के एक दिवसीय शिविर का आयोजन कल किया गया।

-----------------------------------